iknf kd lekpkj

fnukd&20-06-2024 ¼nkigj&1455 cts½

****

झारखंड में जाति–आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्री सोरेन ने कार्मिक विभाग को इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जाति–आधारित सर्वेक्षण का उद्देश्य न केवल राज्य में विभिन्न समुदायों का अध्ययन करना है, बल्कि जनसंख्या के विभिन्न घटकों के सामाजिक और आर्थिक मुद्दों का विश्लेषण करना भी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल श्रीनगर में आयोजित होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रीनगर में विश्व विख्यात डल झील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कल योग कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

****

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर झारखंड में भी कई स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास किया जायेगा। योग के प्रति लोगों को जागरुक करने के उदेश्य से आज खूंटी जिले में जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय खूंटी के विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होंने पोस्टर और बैनर के माध्यम से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

****

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई पूरी हो गई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अपनी बहस पूरी की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की।

****

हजारीबाग जिले की उपायुक्त नैसी सहाय ने सर्वाधिक म्यूटेशन रद्द करने और लंबित रखने वाले छह अंचल अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जिनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है उनमें बड़कागांव, सदर, बरही, कटकमदाग, बरकट्ठा और पदमा के अंचलाधिकारी शामिल हैं। जिले में छह हजार दो सौ अन्ठानबे म्यूटेशन लंबित हैं जबकि एक लाख से ज्यादा आवेदन निरस्त कर दिये गये हैं।

****

दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड के सुदूरवर्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरथर के आदिवासी बच्चों ने एक बार फिर अपने रचनात्मक कार्य से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

****

वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए आईआईटी आईएसएम धनबाद ने सात एग्जीक्यूटिव मास्टर्स प्रोग्राम प्रस्तुत किए हैं। यह आइआइटी आइएसएम के कोलकाता और दिल्ली केंद्र में आनलाइन–हाइब्रिड मोड में संचालित होंगे। आइएसएम ने अपने पांच विभागों के दो और तीन वर्षीय सात कार्यकारी मास्टर्स कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। इसमें पांच कार्यकारी तकनीकी प्रोग्राम और दो एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं।

****

गुमला जिले में पुलिस ने एक घर में छापामारी कर तीन सौ अस्सी ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि बरामद ब्राउन शुगर की बाजार में कीमत करीब 20 हजार रुपए बतायी गयी है।

****

पलामू जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू को आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गिरिडीह सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया। पिछले कुछ दिनों से अमन गैंग के गुर्गो की गतिविधि काफी बढ़ गयी है, जिसको देखते हुए डीजीपी ने इस कर्रवाई का आदेश दिया था। गौरतलब है कि कल एनआईए की टीम ने भी अमन साहू के रांची और हजारीबाग समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

****

राज्य में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले 48 घंटे में संताल के रास्ते मॉनसून झारखंड में दाखिल हो सकता है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी

किया गया है। मौसम विभाग ने आज कोल्हान और संताल परगना वाले हिस्से में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

*********lekIRk*********